कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 24.03.2025

विषयः- अवैध खनन कर ले जाये जा रहे मिट्टी लदे वाहन (05 अदद ट्रैक्टर) को थाना लंका पुलिस द्वारा दौराने गश्त पकड़ा गया, पुलिस की सूचना पर खनन विभाग द्वारा उपरोक्त ट्रैक्टरों को सीज किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त, कमि0 वाराणसी महोदय द्वारा अवैध खनन की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं अवैध खनन सम्बन्धी मिल रही शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही हेतु दिए गए निर्देशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी के कुशल नेतृत्व में लंका पुलिस टीम एवं खनन अधिकारी द्वारा चेकिंग के दौरान ट्रालियों में बिना उचित कागजात के मिट्टी लादकर ले जाए जा रहे 05 अदद ट्रैक्टर पकड़े गए जिसके खनन अधिकारी को सूचना दिया गया। मौके पर खनन अधिकारी द्वारा अवैध मिट्टी लदे वाहनों/ 05 अदद ट्रैक्टर को सीज किया गया।

घटना का विवरण- अवैध खनन की शिकायत पर कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक लंका व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर चेकिंग की गयी तो दौराने चेकिंग पाया गया कि ट्रैक्टरों के माध्यम से मिट्टी ले जाया जा रहा था। ट्रैक्टर चालकों से उपरोक्त मिट्टी के परिवहन के सम्बन्ध में अनुमति मांगी गयी, नहीं दिखा सके जिसके पश्चात खनन अधिकारी को सूचना दी गयी। खनन अधिकारी महोदय द्वारा उपरोक्त ट्रैकटरों में अवैध रुप से खनन कर ले जाए जा रहे मानक से अधिक मात्रा में मिट्टी लदी होने के कारण कुल 05 अदद ट्रैक्टरों को सीज किया गया जिन्हे सुरक्षार्थ चौकी रमना पर खड़ा कराया गया।

विवरण सीज वाहन-

कुल 05 अदद ट्रैक्टर क्रमशः चेचिस नं0 1. T053679872HM, 2. T053716270FN, 3. T0537277293N, 4. AZISP142903053, 5. T053466119HH

सीज करने वाली टीम का विवरण

1. प्रभारी निरीक्षक शिवाकान्त मिश्र, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
2. आरक्षी आशीष कुमार तिवारी, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
3. आरक्षी धर्मजीत, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
4. आरक्षी दीपक यादव, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
5. आरक्षी ईश्वरचन्द जायसवाल, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
6. श्री दिनेश मोदी, खनन निरीक्षक, जनपद वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।